# आकाशवाणी गोरखपुर
## प्रादेशिक समाचार

दिनांक–20 नवम्बर 2024 **7:20 AM**

**पहले मुख्य समाचार।**

- प्रदेश की नौ विधानसभा सीटों पर उपचुनाव के लिये सुबह सात बजे से मतदान शुरू। कड़ी सुरक्षा व्यवस्था के बीच लोग उत्साह के साथ मतदान केन्द्रों पर कर रहे हैं मतदान।
- अगले दो साल में उत्तर प्रदेश को मिलेगी पहली नाइट सफारी की सौगात। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कल कुकरैल नाइट सफारी पार्क और चिड़ियाघर की समीक्षा बैठक के दौरान दिये निर्देश।
- वायु प्रदूषण के खतरनाक स्तर को देखते हुए गौतमबुद्धनगर और मेरठ में कक्षा बारह तक के सभी स्कूलों में अवकाश घोषित। निर्माण कार्यों पर भी लगायी गयी रोक।
- केन्द्रीय शहरी और आवास राज्यमंत्री तोखम साहू ने दो दिवसीय कार्यशाला का लखनऊ में किया शुभारम्भ। कहा– स्वच्छ भारत मुहिम की पूरी दुनिया में हो रही चर्चा।

**********

प्रदेश में नौ विधानसभा सीटों पर हो रहे उपचुनाव के लिये शांतिपूर्ण माहौल में आज सुबह सात बजे से मतदान शुरू हो गया है। जो शाम पांच बजे तक चलेगा। सुबह से ही लोग अपने घरों से निकलकर मतदान केंद्रों पर पहुंचकर मतदान कर रहे हैं। कानपुर नगर की सीसामऊ विधानसभा क्षेत्र में भी मतदान को लेकर युवाओं महिलाओं और वरिष्ठ नागरिकों के अंदर भी उत्साह है। कड़े सुरक्षा प्रबंधों के बीच लोग मतदान कर रहे हैं। **हमारे प्रतिनिधि की एक रिपोर्ट**

***कानपुर नगर की सीसामऊ विधान सभा सीट उपचुनाव के लिए आज नियत समय पर सुबह ठीक 7 बजे मतदान शुरू हो गया। निष्पक्ष और शांतिपूर्ण मतदान के लिए 48 मतदान केंद्र और 275 बूथ तैयार बनाए गए हैं जिनमे 1200 मतदान कर्मी लगाए गए हैं। सीसामऊ विधानसभा सीट पर भाजपा ने सुरेश अवस्थी को टिकट दिया है। जबकि समाजवादी पार्टी से पूर्व सपा विधायक इरफान सोलंकी की पत्नी नसीम सोलंकी को इंडिया गठबंधन ने सपा से प्रत्याशी बनाया है।वही बहुजन समाज पार्टी ने वीरेंद्र कुमार शुक्ला को टिकट दिया है। जबकि सीसामऊ उपचुनाव के लिए सभी जन पार्टी और एक निर्दलीय प्रत्याशी सहित कुल 5 प्रत्याशी चुनावी मैदान में शामिल है। सीसामऊ विधान सभा सीट पर कुल 2 लाख 69 हजार 7 सौ 70 मतदाता है। डिस्पैच – राजेश श्रीवास्तव, कानपुर नगर***

उपचुनाव में करीब 34 लाख से अधिक मतदाता 90 प्रत्याशियों के भाग्य का फैसला करेंगे। जिन सीटों पर उपचुनाव हो रहा है, इनमें मुजफ्फरनगर जनपद की मीरापुर, मुरादाबाद की कुंदरकी, गाजियाबाद, अलीगढ़ की खैर, मैनपुरी की करहल, कानपुर नगर की सीसामऊ, प्रयागराज की फूलपुर, अम्बेडकरनगर की कटेहरी और मिर्जापुर की मझवां सीट शामिल है।

चुनाव आयोग ने मतदान के लिए फोटो पहचान पत्र के अलावा 12 अन्य पहचान पत्र को भी मान्य किया है।

***निर्वाचन आयोग के अनुसार मतदान के लिये मतदाता फोटो पहचान पत्र के अलावा 12 अन्य पहचान पत्र जैसे पैनकार्ड, ड्राइविंग लाइसेंस, पासपोर्ट, डाकघर द्वारा जारी किये फोटोयुक्त पासबुक और स्वास्थ्य बीमा स्मार्ट कार्ड आदि मान्य होंगे। 9 विधानसभा निर्वाचन क्षेत्रों में कुल 3 हजार 718 मतदेय स्थल तथा एक हजार 917 मतदान केन्द्र बनाये गये हैं। चुनाव प्रक्रिया को सम्पन्न कराने के लिये नौ सामन्य प्रेक्षक, पांच पुलिस प्रेक्षक के अतिरिक्त 350 सेक्टर मजिस्ट्रेट, 56 जोनल मजिस्ट्रेट, 60 स्टैट्रिक मजिस्ट्रेट और 745 माइक्रो आब्जर्वर तैनात किये गये हैं। मतदेय स्थलों पर लाइव वेब कास्टिंग व्यवस्था की गई है। दिव्यांग मतदाताओं के लिये मतदान केन्द्रों पर व्हील चेयर एवं वालन्टियर की व्यवस्था रहेगी। निष्पक्ष और शांतिपूर्ण मतदान कराने के लिये पर्याप्त मात्रा में अर्द्धसैनिक बलों की तैनाती की गई है। इसके साथ ही स्ट्रॉग रूम की जिम्मेदारी अर्द्धसैनिक बलों को दी गई है। सुशील चन्द्र तिवारी, आकाशवाणी समाचार, लखनऊ।***

**********

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कल लखनऊ स्थित सरकारी आवास पर प्रदेश के विकास से जुड़े विभिन्न विभागों के साथ बैठक कर संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए।

प्रस्तावित कुकरैल नाइट सफारी पार्क और चिड़ियाघर की समीक्षा बैठक के दौरान श्री योगी ने कहा कि दिसंबर 2026 तक उत्तर प्रदेश और देश को पहली नाइट सफारी की सौगात देने की दिशा में तेजी से कार्य किया जाए। राजधानी लखनऊ में बनने जा रही यह नाइट सफारी देश और दुनिया के प्रकृति प्रेमियों के लिए एक नया गंतव्य होगा। यह दुनिया की पांचवीं नाइट सफारी होगी। निर्माण कार्य हर हाल में जून 2026 तक पूरा कर लिया जाए। वहीं एक अन्य बैठक में 26 दिसम्बर से शुरू हो रहे संविधान के अमृत महोत्सव वर्ष के संबंध में अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिये। श्री योगी ने कहा कि सभी सरकारी संस्थानों, कार्यालयों और विद्यालयों में संविधान दिवस धूमधाम से मनाया जाये। राज्य में लॉजिस्टिक्स सेक्टर की समीक्षा करते हुए श्री योगी ने सुदृढ़ नीतिगत ढांचा तैयार करने की आवश्यकता बताई है उन्होंने कहा कि राज्य में अंतिम छोर तक सुगम डिलीवरी के लिए परिवहन अवस्थापना तथा यातायात योजना बनायी जाए।

**********

आगरा में कल पंचायती राज मंत्रालय द्वारा ईज ऑफ़ लिविंग पर आधारित द्वितीय पंचायत सम्मेलन का आयोजन किया गया। सम्मेलन का शुभारम्भ केंद्रीय मत्स्य पालन, पशु पालन, डेयरी एवं पंचायती राज राज्यमंत्री प्रोफेसर एस पी सिंह बघेल और प्रदेश सरकार के मंत्री ओम प्रकाश राजभर ने किया। सम्मेलन में जमीनी स्तर पर सेवा वितरण को बढ़ावा देने के विषय पर मंथन किया गया। पंचायत सम्मेलन में उत्तर प्रदेश, असम, अरुणाचल प्रदेश, बिहार, छत्तीसगढ़, कर्नाटक, नागालैंड, उत्तराखंड सहित आठ राज्यों के प्रतिनिधियों ने भाग लिया और शासन से अनुभव साझा किये।

**********

उत्तर प्रदेश माध्यमिक शिक्षा परिषद–यूपी बोर्ड ने वर्ष दो हजार पच्चीस की हाई स्कूल तथा इण्टरमीडिएट बोर्ड परीक्षाओं का कार्यक्रम जारी कर दिया है। हाईस्कूल और इण्टरमीडिएट की परीक्षायें चौबीस फरवरी से शुरू होकर बारह मार्च तक चलेंगी। इसमें कुल चौवन लाख अड़तीस हजार पांच सौ सत्तानबे छात्र–छात्रायें शामिल होंगे।

**********

दिल्ली एनसीआर में वायु प्रदूषण के खतरनाक स्तर को देखते हुए प्रदेश के गौतमबुद्धनगर जिले के जिलाधिकारी मनीष कुमार ने सभी विद्यालयों को 23 नवम्बर तक बंद रखने के आदेश दिये हैं। इस दौरान ऑनलाइन कक्षाएं चलेंगी। वहीं मेरठ में जिलाधिकारी दीपक मीणा ने कक्षा 12 तक के सभी स्कूलों में अनिश्चितकाल के लिये अवकाश घोषित कर दिया है। मेरठ में एयर क्वालिटी इंडेक्स 375 तक पहुंच गया है। जिले में वायु प्रदूषण की रोकथाम के लिये ग्रैप सिस्टम लागू कर दिया गया है। नगर आयुक्त सौरभ गंगवार ने बताया कि इस दौरान सभी निर्माण कार्यो पर पूरी तरह से प्रतिबंध लगाया गया है।

***ग्रैप फ़ोर लागू हो रहा है ग्रैप फ़ोर में काफी रिगरस हमें एक्टिविटीज को रोकना पड़ता है। रिग्रेसिवली और उसमें जितने भी निर्माण कार्य है। इन्क्लूडिंग रोड्स एक्टसेक्टरा उनपे भी हमें प्रतिबंधत करना है। ग्रैप फ़ोर में वो सारी एक्टिविटीज भी शामिल हैं जो ग्रैप वन, ग्रैप टू, ग्रैप थ्री में हमें प्रतिबंधित करनी है और इसके तहत अभी डिटेल्ड गाइडलाइन्स को जिला प्रशासन के द्वारा भी जारी की जाएंगी। हमारी तरफ से जो भी मेन मेन एक्टिविटीज इस ग्रैप में शामिल है, प्रतिबंध में उसको हमने लागू कर दिया हैं। पानी का छिड़काव भी किया जा रहा है और ऐंटी स्मोक भी रेगुलरली चला रहे हैं। जिससे कि हम जनता को राहत दे रहे हैं।***

**********

विश्व शौचालय दिवस के अवसर पर कल केन्द्रीय शहरी एवं आवास राज्य मंत्री तोखम साहू ने शहरी क्षेत्रों में सफाई व्यवस्था के सुरक्षित प्रबंधन को लेकर लखनऊ में दो दिवसीय कार्यशाला का शुभारम्भ किया। इस अवसर पर अपने संबोधन में श्री साहू ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की प्रेरणा से शुरू की गई, स्वच्छ भारत मुहिम की आज देश और दुनिया में चर्चा हो रही है। लगभग 4 हजार से ज्यादा शहर ओडीएफ प्लस श्रेणी में आ चुके हैं। इस अवसर पर प्रदेश के शहरी विकास मंत्री अरविन्द कुमार शर्मा, भारत में अमेरिकी राजदूत एरिक गारसेटी तथा केन्द्रीय शहरी एवं आवास मंत्रालय के विभिन्न वरिष्ठ अधिकारी मौजूद थे। केन्द्रीय मंत्री ने इस अवसर पर क्लीन टॉयलेट अभियान 2024 का भी शुभारम्भ किया। इसके अलावा निजी क्षेत्र के सहयोग से देश में सामुदायिक शौचालय बनाने और भीड़ भाड़ वाले इलाकों में सुलभ इंटरनेशनल की मदद से शौचालय स्थापित करने को लेकर समझौता पत्रों पर भी हस्ताक्षर किये गये।

**********

स्कूल गेम्स फेडरेशन ऑफ इंडिया और उत्तर प्रदेश माध्यमिक शिक्षा विभाग के तत्वावधान में 68वीं राष्ट्रीय स्कूल खेल प्रतियोगिता का आयोजन 26 नवम्बर से 30 नवम्बर तक गुरू गोविन्द सिंह स्पोर्ट्स कॉलेज लखनऊ में होगा। प्रतियोगिता के शुभंकर और ट्रॉफी का कल प्रमुख सचिव माध्यमिक शिक्षा दीपक कुमार ने अनावरण किया।

**********